# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी बहुती कैनाल की रतहरा डिस्ट्रीब्यूटर नहर

## वर्षों से बंद पड़े काम के खिलाफ लामबंद हुए प्रभावित गांवों के सरपंच, कलेक्टर से मिलकर करेंगे कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 जून, जिले के गुढ़ तहसील क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली बहुती कैनाल परियोजना भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ चुकी है.**



इस कैनाल की रतहरा डिस्ट्रीब्यूटर नहर का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से पूरी तरह बंद पड़ा है,जिससे क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के हजारों किसान और ग्रामीण आज के आधुनिक दौर में भी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं. इस गंभीर समस्या से त्रस्त होकर अब क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंचों और जन प्रतिनिधियों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है. प्रभावित गांवों बड़ागांव, महसांव, गोरगी, चौड़ियार और रीठी के सरपंच जल्द ही रीवा के नवागत और संवेदनशील कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से मुलाकात करेंगे ।प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नहर निर्माण में घोर लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने और नहर की खुदाई पूरी कराकर उसमें पानी छोड़े जाने की मांग करेगा. स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि नहर का काम बंद होने की शिकायत वे कई बार पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों और जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अभियंताओं से कर चुके हैं. लेकिन विडंबना यह है कि आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंगी।

कागजी कार्रवाई और आश्वासनों के सिवाय धरातल पर एक इंच भी काम आगे नहीं बढ़ा. अरबो रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ किसानों को मिलने के बजाय यह भ्रष्टाचार की फाइलों में दफन होकर रह गई है.

**सूख रहे खेत दम तोड़ रहा भूजल स्तर** -नहर का काम अधूरा रहने से इस क्षेत्र में जल संकट विकराल रूप धारण कर चुका है. प्रभावित गांवों के किसानों का दर्द है कि पानी की कमी के कारण वे कृषि क्षेत्र में लगातार पिछड़ते जा रहे हैं. वर्तमान स्थिति यह है कि किसान अपनी निजी गाढ़ी कमाई खर्च कर खेतों में बोर खनन भी करवा रहे हैं लेकिन लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण बोरवेल भी पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं ।पानी की अनुपलब्धता के कारण उपजाऊ जमीनें बंजर होने की कगार पर हैं और किसानों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है.

**नवागत कलेक्टर से बंधी आस**-क्षेत्र की जनता और किसानों में रीवा के नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और जन-हितैषी कार्यशैली को लेकर भारी उत्साह और भरोसा है. ग्रामीणों का मानना है कि नव-नियुक्त कलेक्टर बेहद संवेदनशील अधिकारी हैं और यदि उन तक इस गंभीर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सीधी शिकायत पहुंचेगी तो वे निश्चित रूप से इसका त्वरित समाधान निकालेंगे.

# बेटी के सामने पिता ने मां को उतारा मौत के घाट

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 4 जून, मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गनिगवां से दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है. जिसमें पति के अवैध संबंधों का विरोध करना पत्नी को भारी पड़ गया और पति ने अपनी 6 वर्ष की मासूम बेटी के सामने ही बेरहमी से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या कर दी.**

जबकि एक दिन पहले ही उसने एक बच्ची को अस्पताल में जन्म दिया था. जिसे जन्म के कुछ घंटे बाद ही घर ला लिया गया था. इस घटना ने समूचे जिले को झकझोर कर रख दिया है. वही अमृता के भाई राम अनुग्रह कोरी ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि उसके जीजा का संबंध पड़ोस के किसी औरत से था जिसका उसकी बहन विरोध करती थी जो भी सामान आदि मायके से पाती थी उसे भी वह उक्त महिला को ही दे आता था भाई राम अनुग्रह कोरी मीडिया के सामने गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी भांजी के सामने उसके जीजा ने उसकी बहन को बेरहमी पीट पीट कर मार डाला जो स्वयं 6 वर्षीय मासूम भांजी अपने बयान में बयां कर रही है. जो की मऊगंज की इस वारदात ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया है. प्रकार मानवता को संसार करने वाली जिले की इस घटना में जिस मां ने महज एक दिन पहले अपनी नवजात बेटी को जन्म दिया, उसी मां की सांसें उसके अपने पति ने छीन ली. आरोप है कि अवैध संबंधों का विरोध करना एक पत्नी को इतना भारी पड़ गया कि कलयुगी पति ने उसे चिमटे से पीटा, गले पर पैर रखा और मौत के घाट उतार दिया. इस खौफनाक वारदात की सबसे बड़ी गवाह बनी है सिर्फ 6 साल की मासूम बेटी, जिसने अपनी आंखों के सामने मां को तड़पते देखा और अब कैमरे के सामने अपने पिता की दरिंदगी की पूरी कहानी सुना रही है. वही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह सामने आएगी. पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.

# पानी भरने गए अधेड़ की कुएं में गिरने से मौत

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 4 जून, हनुमना थाना क्षेत्र के ग्राम कोलहा ग्राम पंचायत की रमउआ हरिजन बस्ती में पानी भरने गए मुनि महेश साकेत की कुएं में गिरने से हुई दर्दनाक मौत ने परिवार सहित समूचे इलाके को झकझोर कर रख दिया.**

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कोलहा की रमउआ हरिजन बस्ती में एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया. पानी भरने गए एक ग्रामीण की कुएं में गिरने से मौत हो गई. मृतक की पहचान मुनिमहेश साकेत के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे. जानकारी के अनुसार मुनिमहेश साकेत रोज की तरह पानी भरने के लिए गांव के कुएं पर पहुंचे थे. इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे कुएं में जा गिरे. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास शुरू किया. काफी मशक्कत के बाद जब उन्हें कुएं से बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया. मृतक अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बच्चों और वृद्ध पिता को छोड़ गए हैं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव के लोगों का कहना है कि मुनिमहेश साकेत मेहनती, सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनकी असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है. हादसे के बाद ग्राम पंचायत कोलहा के सरपंच ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की. उन्होंने पंचायत की ओर से तत्काल सहायता के रूप में 5000 की आर्थिक मदद प्रदान की.

# मऊगंज जिला अध्यक्ष बने अजय बिहारी पटेल

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 4 जून, अपना दल (सोनेलाल) पार्टी से अजय बिहारी पटेल को मऊगंज जिले का जिला अध्यक्ष बनाया गया है.**

उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे उनके दिशा निर्देश के आधार पर आगे काम करेंगे. अजय बिहारी पटेल ने बताया कि अपना दल (सोनेलाल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उर्वरक रसायन राज्य मंत्री भारत सरकार की अनुमति से तथा अपना दल सोनेलाल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष सिंह पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल के अनुमोदन से मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुमोदन से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है. उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ पदाधिकारियों के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लिया है और मऊगंज जिले में अपना दल (सोनेलाल) पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे. इस अवसर पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है.



तहसीलदार मऊगंज को ज्ञापन सौपते किसान

# ओवर ब्रिज के निर्माण से सड़क हादसों से मिलेगी मुक्ति

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 जून, मऊगंज बरांव चौराहा तथा हनुमान का मोटवा की पहड़ी चौराहा पर होने वाले सड़क हादसों को लेकर लगातार समाचार पत्रों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग को लेकर किए जा रहे प्रयासों में नया मोड़ आया है.**

मऊगंज जिले के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ी और सराहनीय पहल शुरू की है, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अब जल्द ही धरातल पर उतरती दिखाई देगी. जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन से मिली जानकारी के अनुसार जिले के दो बेहद संवेदनशील ठिकाने मऊगंज के बरांव चौराहे तथा हनुमना के मोटवा पहरी में आधुनिक ओवरब्रिज निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है. ये दोनों ही क्षेत्र लंबे समय से ब्लैक स्पॉट बने हुए थे, जहां लगातार गंभीर सड़क हादसे होते रहते थे और कई लोग असमय ही अपनी जान गंवा चुके थे. इसी खतरे को देखते हुए स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों द्वारा यहां ओवरब्रिज बनाने की लगातार मांग की जा रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अब ठोस कदम उठाए हैं. कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि इस पूरी परियोजना को लेकर प्रशासनिक अमला बेहद गंभीर है और जैसे ही दोनों ओवरब्रिजों की डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगी, उसे तुरंत स्वीकृति के लिए भेजकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा. इस बड़ी सौगात की खबर सामने आते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया.

# भैरोनाथ लोक चौड़ियार में शिव महापुराण कथा आज से

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 जून, गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौड़ियार स्थित भैरोनाथ लोक में आज 05 जून से 13 जून तक श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा. धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है.**

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम परम पूज्य धर्माचार्य श्री श्री 1008 स्वामी रामशंकर दास वेदान्ती जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा. आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-शांति, जनकल्याण, राष्ट्र की समृद्धि, सामाजिक सुधार, आपसी सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार बताया गया है. कार्यक्रम की शुरुआत 05 जून शुक्रवार को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश के साथ होगी. वहीं 06 जून शनिवार से वेदी पूजन, यज्ञ एवं शिवमहापुराण पारायण प्रारंभ होगा. प्रतिदिन प्रात: 7:30 बजे से 11:30 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान तथा सायंकाल 3:30 बजे से 7:30 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण कथा प्रवचन आयोजित किए जाएंगे.13 जून 2026 को यज्ञ पूर्णाहुति, भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन होगा. जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

# किसानों ने तहसीलदार मऊगंज को सौंपा मांगों का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 जून, भारतीय किसान संघ तहसील इकाई मऊगंज के बैनर तले ग्राम समिति ग्राम बरयां कला के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मऊगंज को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा.**

ग्रामीणों ने राजस्व, कृषि और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का जल्द निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है. भारतीय किसान संघ के ग्राम समिति अध्यक्ष की अगुवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है. किसानों के हित में ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की नक्शा तरमीम, सीमांकन, खसरा सुधार, वारिसाना व बटवारा जैसे सैकड़ों राजस्व प्रकरण वर्षों से लंबित हैं. ग्रामीणों ने मांग की कि इन सभी प्रकरणों का निपटारा 15 जून से पहले अभियान चलाकर किया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो.कृषि व योजनाओं का लाभ, बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाय, गांव के सभी किसानों की फार्मर आईडी तत्काल बनवाई जाए, जिससे पीएम किसान सम्मान निधि समेत सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके. साथ ही वंचित पात्र किसानों का सर्वे कराकर सम्मान निधि चालू की जाए. बुवाई के समय खाद-बीज की किल्लत न हो, इसकी पहले से व्यवस्था की जाए. इसके अलावा अन्य कई मांगे ज्ञापन में शामिल रही. जिनका जल्द निराकरण की मांग की गई. ज्ञापन के दौरान ग्राम समिति बरया कला के अध्यक्ष वैदेही प्रसाद पांडे एवं ग्राम समिति मंत्री जयप्रकाश पांडे ,अरुण कुमार पांडे, सूर्यभान पांडे ,नीलेश मिश्रा ,ठाकुर दिन यादव शिव शंकर श्रीवास्तव राजेंद्र प्रसाद पांडे नित्यानंद मिश्रा के साथ सैकड़ो किसान कार्यकर्ता ज्ञापन के दौरान उपस्थित रहे.

## झोलाछाप नागमाता क्लीनिक पर जड़ा गया ताला

हनुमना, 4 जून, मऊगंज जिले के हनुमना अंतर्गत जहां नगर के सीधी रोड के पास स्थित नागमाता क्लीनिक को एसडीएम की संयुक्त टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मिलकर सीज कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार हनुमना एसडीएम राजेश मेहता एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित बीएमओ डॉक्टर नागेंद्र मिश्रा सहित कई अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में छापमार कार्यवाही करते हुए कार्यवाही की गई है. इस कार्रवाई से हडकम्प मचा है.

# विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 जून, कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में जिले में संचालित छात्रावासों की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई.**



बैठक में छात्रावासों के सुचारू संचालन, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास जे.पी. यादव ने छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. छात्रावासों में भोजन व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, नियमित अध्ययन, कोचिंग एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली गई. उपायुक्त ने कहा कि छात्रावास केवल आवासीय सुविधा का केंद्र नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण संस्थान हैं. इसलिए यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं का स्तर निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करें तथा विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए. बैठक में जिला संयोजक नीलकंठ सिंह मरकाम, नीरव दीक्षित सयुक्त संचालक लोक शिक्षण, रामराज मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे.

# भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक में कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 जून, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ की कामकाजी बैठक श्री भागवत पैलेस में आयोजित की गई. कार्यक्रम मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री बाबूलाल यादव के मुख्य आतिथ्य तथा मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.**

बैठक में जून माह के दौरान आयोजित होने वाले पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा, स्थान एवं समय निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों, शक्तिकेंद्र संयोजकों तथा बूथ अध्यक्षों ने कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया, जिनका आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को बूथ स्तर पर सुनने तथा संगठन ऐप में अपलोड करने को लेकर भी विशेष चर्चा की गई. इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बैठक का संचालन मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला ने किया, जबकि मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी. बैठक में भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, कपिल पयासी, आलेश पयासी, अनिल सिंह गहरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता बी.के. पाण्डेय, डॉ. भृगुनाथ पाण्डेय, उमेश कुमार गुप्ता, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, दिलीप दुबे, राज बहोर कुशवाहा मौजूद रहे.

# पुलिस ने जमीन खोदकर निकाली नशीली कफ सीरप

## नाबालिग पकड़ाया, 210 शीशी जब्त, कबाड़ी मोहल्ले में पुलिस की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जून, रीवा में नशे के विरूद्ध लागातार की जा रही कार्यवाही के बीच पुलिस ने जमीन के भीतर छिपाकर रखी गई खेप को जमीन खोदकर बाहर निकाला है. पुलिस ने पहले नशे के कारोबार में संलिप्त एक नाबालिग को पकड़ा और फिर उसकी निशानदेही में जमीन खोदकर कफ सीरप की शीशीयों को बरामद किया.**



यह कार्यवाही शहर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने कबाडी मोहल्ले में की है. पुलिस नें नाबलिग को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 210 शीशी कफ सीरप बरामद की और अब उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आंगे की कार्यवाही की जा रही है. सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक नशे की खेप छिपाकर रखा है.

सूचना के आधार पर पुलिस नें जब संदेही को पकड़ा तो वह एक बाल आपचारी निकला. पूंछताछ में सामने आया कि नाबालिग द्वारा नशे की खेप को छिपाकर रखा गया है, जिसकी निशानदेही पर जमीन के भीतर से 210 शीशी नशीले कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई. पुलिस ने फिलहाल एनडीपीएस का मामला दर्ज कर लिया है.

# मऊगंज जिले में फिर पहुंचा हाथियों का जोड़ा

## ग्रामीणों में दहशत, छपरा डीहार गांव में डाला ढेरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जून, मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा डीहार क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों का आतंक देखने को मिला है. बीते दो दिनों से यहां दो हाथियों के जोड़ों ने आतंक मचा कर रखा है जिससे ग्रामीण भयभीत हैं.**



वहीं वन अमला इन दोनों हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में जुटा हुआ है. इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम छपरा डीहार थाना लौर क्षेत्र में दो दिनों से हाथी का जोडे रात में आ जाते है. इस दौरान किसानों की झोपड़ी पेड़ और बाड़ियों को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है. ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला भी मौके पर पहुंचा है और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है. बता दे यह वही हाथियों के जोड़े हैं जो बांधवगढ़ क्षेत्र से बीते दो माह से भटके हुए हैं हाथी के यह जोड़ पहले सीधी फिर रीवा और उसके बाद मऊगंज जिले में ही विचरण कर रहे हैं जबकि वन अमला लगातार इन्हें जंगल की ओर खदेड़ने में जुटा हुआ है.

# विद्युत विभाग की लापरवाही से भैंस की मौत

नवभारत न्यूज

**गढ़, 4 जून, विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्राम लौरी में करंट लगने से एक किसान की कीमती भैंस की मौत हो गई. पीड़ित किसान का कहना है कि अगर विभाग का यही रवैया रहा, तो क्षेत्र का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा.**

ग्राम लौरी नंबर 2 निवासी किसान प्रमोद कुमार तिवारी उम्र 46 वर्ष ने गढ़ थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन के अनुसार, उनके गाँव में स्थित खेत में विद्युत विभाग की 11 हजार वोल्ट की हाई-टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा हुआ था. गुरुवार को शाम लगभग 4:00 बजे प्रमोद कुमार तिवारी की मुर्रा नस्ल की भैंस खेत में चर रही थी, यह भैंस गर्भवती थी. चरते समय भैंस जमीन पर गिरे हुए हाई-टेंशन तार की चपेट में आ गई. करंट का झटका इतना जोरदार था कि भैंस की मौके पर ही तड़पकर मौत हो गई. घटना के बाद थाना प्रभारी गढ़ (जिला रीवा) ने पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सालय गढ़ को पत्र लिखकर मृत भैंस का पोस्टमार्टम (पीएम) कराने और उसकी रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है. पीड़ित ने इस घटना से हुए आर्थिक नुकसान के मुआवजे की मांग की है.